# Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# समर ट्रीडम में बच्चों के लिए मल्टी ऐक्टिविटीज आयोजित



समर ट्रीडम के दौरान बच्चे।

**संवाददाता** देहरादून। पैसिफिक मॉल में बच्चों के लिए विशेष ऐक्टिविटीज की एक श्रृंखला समर ट्रीडम का मॉल परिसर में आयोजन हुआ। 17 मई से 31 मई तक मॉल के भीतर समर कैंप की गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। नए युग की गतिविधियों से 1000 से अधिक बच्चें लाभ उठा पाएंगे। 15 दिनों के इस समर कैंप में बच्चे रेसिन आर्ट, दिकूपेज, फोटो ट्रांसफर, टेरारियम मेकिंग, एयरो मॉडलिंग, पेंट अ पॉट, पॉटरी व्हील, सैंड आर्ट, स्पैरो नेस्टलिंग, बटन आर्ट, पेंट अ ग्लास, रॉक आर्ट और पेनन्ट बैनर मेकिंग जैसी एक्टविटीज सीखेंगे।

# भ्रष्टाचार के मामलों की जांच की मांग

**मांग**

**लोनिवि के निलंबित ईई अनुपम सक्सेना की सीएम से की शिकायत**

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शाह को आश्वासन दिया कि इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कर इस प्रकरण में संलिप्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

देहरादून। **संवाददाता**

लोक निर्माण विभाग के निलम्बित अधिशासी अभियंता अनुपम सक्सेना के समय जारी हुई सीसीएल एवं प्रान्तीय खण्ड पौडी में निर्माण कार्यों में हुए भ्रष्टाचार की जांच की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य कार्यक्रम समन्वयक राजेन्द्र शाह ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें शिकायती पत्र सौंपा।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत को सौंपे शिकायती पत्र में कांग्रेस पार्टी के मुख्य कार्यक्रम समन्वयक राजेन्द्र शाह ने मुख्यमंत्री का ध्यान लोक निर्माण विभाग, प्रान्तीय खण्ड पौड़ी गढ़वाल के अधिशासी अभियंता रहे तथा वर्तमान में धारचूला खण्ड में तैनात अनुपम सक्सेना पर लगे भ्रष्टाचार के गम्भीर आरोपों की ओर आकृष्ट कराते हुए कहा कि सक्सेना पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप प्रारम्भिक जांच में सही भी पाये गये हैं जिसके कारण उन्हें निलम्बित किया जा चुका है। उन्होंने मुख्यमंत्री के संज्ञान में यह भी लाते हुए कहा कि अधिशासी अभियंता अनुपम सक्सेना द्वारा पौडी जनपद से स्थानान्तरण के उपरान्त भी दो–तीन दिन तक देहरादून में बैठ कर प्रान्तीय खण्ड पौडी में कार्यरत ठेकेदारों के बिलों की सीसीएल बांटी गई जिसमें उनके साथ विभागीय कर्मचारी भी शामिल थे, जिसके लिए उनके द्वारा मोटी रकम ली गई जो कि जांच का विषय है। अधिशासी अभियंता अनुपम सक्सेना द्वारा किये गये भ्रष्टाचार पर कार्रवाई में इतना लम्बा समय व्यतीत होना अपकी जीरो टॉलिरेंस पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है।

# जनहित के काम को लेकर बैठेंगे अनशन पर मंत्री

**चेतावनी**

वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ हरक सिंह रावत ने सरकार को दी चेतावनी

**संवाददाता**

देहरादून। वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ हरक सिंह रावत की शासन के आला अधिकारियों या यूं कहें कि अपनी ही सरकार से नाराजगी दूर होने का नाम नहीं ले रही है। बीते रोज वन महकमे के अधिकारियों के विदेश दौरे की मंजूरी में विभागीय मंत्री को नजरअंदाज किए जाने को लेकर प्रमुख सचिव कार्मिक के खिलाफ मोर्चा खोलने के बाद डॉ रावत ने मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव ओमप्रकाश को निशाने पर लिया।

लालढांग– चिल्लरखाल मोटर मार्ग (कंडी रोड) के निर्माण पर रोक के आदेश से भड़के डॉ हरक सिंह रावत ने यहां तक कह डाला कि जनहित के काम पर रोक लगी तो वह हजार दफा मंत्री पद कुर्बान करने को तैयार हैं। साथ में अनशन पर बैठने की धमकी भी दी।

वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ हरक सिंह रावत के लगातार दूसरे दिन तल्ख तेवरों से सरकार हलकान है। गुरुवार को वन एवं पर्यावरण मंत्री ने फिर नौकरशाही पर मनमानी करने का आरोप लगाया। इस बार लालढांग–चिल्लरखाल मोटर मार्ग के सुदृढ़ीकरण के काम पर लोक निर्माण विभा ग की ओर से रोक लगाने पर विभागीय अपर मुख्य सचिव ओमप्रकाश पर मंत्री ने हमला बोला।

वन मंत्री ने कहा कि उक्त मार्ग के निर्माण के संबंध में भूमि लोक निर्माण विभाग को विधिवत स्थानांतरित की गई है। निर्माण कार्य के लिए शासनादेश जारी हुआ है। इस कार्य में विभागीय मंत्री के नाते वह सीधे तौर पर जुड़े रहे। ऐसे में प्रभागीय वनाधिकारी लैंसडौन के कहने पर उक्त मार्ग निर्माण पर रोक नहीं लगाई जा सकती। इस मामले में उन्हें नजरअंदाज किया गया। इसके लिए उन्होंने अपर मुख्य सचिव ओमप्रकाश को जिम्मेदार ठहराया है। साथ ही आरोप लगाया कि वह सरकार को गुमराह कर रहे हैं। मंत्री के स्तर पर अनुमोदित सड़क का निर्माण कार्य रोकने के के आदेश अपर मुख्य सचिव ओमप्रकाश के जारी करने पर भी उन्होंने सवाल खड़े किए।

**4-5 करोड़ की राशि का जिम्मेदार कौन**

डॉ रावत ने कहा कि एनजीटी के रोक लगाने का हवाला देते हुए सड़क निर्माण रोका गया, जबकि एनजीटी ने उक्त मामले में सिर्फ रिपोर्ट मांगी है। मोटर मार्ग के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग टेंडर कर चुका है। तीन किमी सड़क पक्की हो गई है। पुलों का निर्माण कार्य चल रहा है। 4.5 करोड़ लागत से निर्माण कार्य जारी है। गरीब जनता की इस धनराशि के लिए जवाबदेही किसकी होगी। सड़क निर्माण के लिए भूमि हस्तांतरण वन संरक्षक, प्रभागीय वनाधिकारी समेत विभिन्न स्तरों के बाद उनके स्तर पर पत्रावली अनुमोदन के बाद हुआ। सिर्फ प्रभागीय वनाधिकारी के आदेश पर ही उक्त कार्य को रोकने के आदेश जारी करने पर उन्होंने सवाल दागे। उन्होंने कहा कि सड़क के लिए भूमि हस्तांतरण गलत था तो स्टेट वाइल्ड लाइफ बोर्ड या नेशनल वाइल्ड लाइफ बोर्ड समेत विभिन्न संबंधित संस्थाओं की पहले अनुमति क्यों नहीं ली गई।

**सहन करने की भी एक क्षमता**

डॉ हरक सिंह रावत यहीं नहीं रुके। उन्होंने आगे ये भी कहा कि वह फक्कड़ आदमी हैं, जब लड़ते हैं तो हिम्मत से लड़ते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ ताकतें प्रदेश को बर्बाद करना चाहती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी नाराजगी मुख्यमंत्री के खिलाफ नहीं है। हालांकि साथ में यह भी कहा कि अपर मुख्य सचिव स्तर का अधिकारी गलत निर्णय कर रहा है तो किसकी शह पर यह सब हुआ। आखिर सहन करने की एक क्षमता होती है। वह आत्म संतुष्टि के लिए काम करते हैं। सड़क हरक सिंह की नहीं, स्थानीय लाखों लोगों की जरूरत है। इसके बनने से 15 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।

## न्यूज डायरी

### उत्तराखंड महिला मंच ने प्रदर्शन करते हुए धरना दिया

**(ईएमएस)** देहरादून। प्रदेश में समान शिक्षा को लागू किये जाने, सरकारी स्कूलों की बदहाली के चलते निरंतर बढते जा रही प्राइवेट स्कूलों की लूट व मनमानी रोकने की मांग को लेकर उत्तराखंड महिला मंच ने प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। महिला मंच की जिला संयोजिका निर्मला बिष्ट के नेतृत्व में बड़ी संख्या में मंच से जुड़ी हुई महिलायें जिलाधिकारी कार्यालय में इकटठा हुई और वहां पर उन्होंने सरकारी स्कूलों की बदहाली के चलते निरंतर बढते जा रही प्राइवेट स्कूलों की लूट व मनमानी रोकने एवं समान शिक्षा व्यवस्था को लागू किये जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया और वीडियो कान्फ्रेंसिंग स्टूडियों के बाहर पहुंचे और वहां पर भी काफी देर तक प्रदर्शन किया और इस दौरान जिलाधिकारी मतगणना से संबंधित वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से मतगणना से संबंधित अधिकारियों की बैठक ले रहे थे।

### जागर सम्राट प्रीतम को सम्मानित किये जाने पर नागरिक अभिनंदन समारोह किया

**(ईएमएस)** देहरादून। पर्वतीय लोक संस्कृति को समर्पित सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था भारतीय कला कुंज के तत्वाधान में जागर सम्राट प्रीतम को पदमश्री से सम्मानित किये जाने पर नागरिक अभिनंदन समारोह किया गया। इस अवसर पर मेयर सुनील उनियाल गामा मुख्य अतिथि थे। यहां परेड ग्राउंड स्थित उत्तरांचल प्रेस क्लब में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में पदमश्री से सम्मानित किये जाने पर जागर सम्राट प्रीतम भरतवाण का नागरिक अभिनंदन कर उन्हें सम्मानित कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर समारोह का संचालन प्रेम पंचोली ने किया।

### अपोलो हॉस्पिटल्स ने कार्डियक केयर के नए युग की शुरूआत की

**संवाददाता** देहरादून। एशिया में हॉस्पिटल्स की सबसे बड़ी और सबसे भरोसेमंद मल्टी स्पेशलटी चेन अपोलो हॉस्पिटल्स एंटरप्राइज लिमिटेड ने आधुनिक कार्डियक तरीकों से सबसे अधिक मामलों में मरीजों के इलाज तथा कार्डियक देखभाल में ग्रुप के कौशल का प्रदर्शन किया है। इनमें तीन प्रमुख इनोवेशन्स शामिल हैं– मित्राक्लिप या और यट्रांस– कैथेटर आर्योटिक वॉल्व इम्प्लान्टेशनद्ध या यट्रांस–कैथेटर आर्योटिक वॉल्व रिप्लेसमेन्टद्ध और यमिनीमली इनवेसिव कोरोनरी आर्टरी बायपास सर्जरीद्ध। भारत में कुल 9 मित्राक्लिप प्रक्रियाएं की गई हैं जिनमें से 6 प्रक्रियाएं अपोलो हॉस्पिटल्स के स्ट्रक्चरल एवं इंटरवेंशनल कार्डियोलोजी के विशेषज्ञों ने की हैं।

# सुरक्षित प्रसव से ही घटेगा मातृ–शिशु मृत्युदर

**संवाददाता**




कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर डा. सुजाता संजय व अन्य।

देहरादून। संजय ऑर्थोपीडिक, स्पाइन एवं मैटरनिटी सेन्टर द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की मुख्य वक्ता राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित रु100 वीमेन्स अचीवर्स ऑफ इंडिया डॉ0 सुजाता संजय स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञा द्वारा गर्भावस्था से पूर्व देखभाल व समस्या के बारे में व्याख्यान दिया। इसमें मुख्यतः मेडिकल छात्र–छात्राएं, नर्से, फिजीशियन, बी एम एस पेरामेडिकल छात्र–छात्राएं आदि शामिल थे। डॉ0 सुजाता संजय ने सेमीनार में मेडिकल छात्र–छात्राओं को सुरक्षित प्रसव के गुर सिखाएं तथा सुरक्षित प्रसव के तरीके एवं इसमें आयी नयी तकनीक के बारे में जानकारी दी।

डॉ0 सुजाता संजय ने कार्यक्रम के दौरान बताया कि प्रसूति/प्रसव, जिसे इंग्लिश में लेबर कहते है, वो प्रक्रिया है जिसके द्वारा गर्भ में पल रहा शिशु जन्म लेता है। इस प्रक्रिया के द्वारा न केवल बच्चे बल्कि एक माँ का जन्म भी होता है क्योंकि बच्चा जनने के बाद ही एक स्त्री माँ कहलाती है।

डॉ, सुजाता संजय ने कहा कि नार्मल लेबर से पूर्व एक गर्भवती महिला को किन–किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए खासतौर से स्वास्थ्य का और किन परिस्थितियों में वह माँ बनने के लिए समर्थ होती है। साथ ही उन्होंने अपने व्याख्यान में गर्भावस्था के दौरान होने वाली कठिनाईयों से बचने के लिये महत्वपूर्ण सुझाव व्यक्त किये। साथ में यह भी बताया कि प्रसव उपरान्त महिला व उसके शिशु को किन–किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। गर्भवती को किन पौष्टिक तत्वों का सेवन करना चाहिये जिससे कि गर्भस्थ शिशु को उचित पोषण मिल सके।

# जल्द ही आर–पार का किया जायेगा आंदोलन

**(ईएमएस)** देहरादून। यूसैक से निकाले गये कर्मचारियों ने अपनी बहाली की मांग को लेकर धरनास्थल पर अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र के निदेशक के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए धरने पर बैठे रहे और उन्होंने कहा कि लंबे समय से आंदोलन करने के बावजूद भी उनकी बहाली नहीं हो पाई है जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि अब जल्द ही आर–पार का आंदोलन किया जायेगा।

धरना स्थल पर यूसैक से निकाले गये कर्मचारी शीला रावत के नेतृत्व में इकटठा हुए और वहां पर उन्होंने अपनी बहाली की मांग को लेकर प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। इस अवसर पर शीला रावत का कहना है कि विभाग में सात वर्ष से निरन्तर कार्यरत महिला व पुरुष कर्मियों को उत्पीड़न कर बाहर करने के निर्णय को वापस लेकर, ससम्मान विभाग में वापसी की जाये और आउट सोर्स पर तैनात सभी कर्मियों की विभाग में स्थाई नियुक्ति प्रदान की जाये। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही बहाली न होने पर आंदोलन को तेज किया जायेगा। उनका कहना है कि उनके हितों की अनदेखी की जा रही है। जो चिंता का विषय है।